Nai Dunia, 26th April 2022, Page - 02

# आइआइटी पढ़ाएगा परिवहन की बुनियादी सुविधाओं पर कोर्स

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर परिवहन व्यवस्थाओं को बेहतर करने में भी योगदान देने जा रहा है। परिवहन के क्षेत्र में आई नई तकनीकों की बारीकियों और उनके लाभ के बारे में लघु अवधि पाठ्यक्रम (शार्ट टर्म कोर्स) प्राध्यापक पढ़ाएंगे।

आइआइटी इंदौर का सिविल इंजीनियरिंग विभाग अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के साथ मिलकर दो से सात मई के बीच एडवांस इन ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग (एटीआइई) नाम से कोर्स शुरू कर रहा है। इसमें परिवहन योजना, यातायात इंजीनियरिंग, मटेरियल डिजाइन और आप्टीमाइजेशन, निर्माण और रखरखाव, मटेरियल सोर्सिंग और मैनेजमेंट, डिजाइन स्टैंडर्ड, अर्थशास्त्र और पर्यावरण जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री, पीएचडी और उद्योगों से जुड़े प्रतिभागी कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। कोर्स में पंजीयन के लिए कोई शुल्क नहीं है। 27 अप्रैल तक आइआइटी इंदौर के पोर्टल पर इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। पाठ्यक्रम में 100 सीटें हैं। इसका संचालन आनलाइन माध्यम से किया जाएगा।

### नई पहल

- 2 मई से पढ़ाई शुरू होगी, 27 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन
- नई तकनीकों से समाहित लघु अवधि पाठ्यक्रम होगा

### योजना को बेहतर करने के लिए हर वर्ष हो रहे कोर्स

आइआइटी इंदौर के पीआरओ सुनील कुमार का कहना है कि आइआइटी का उद्देश्य समाज को भी अपने ज्ञान का लाभ देना है। साथ ही उद्योगों को भी गति देना है। इसके लिए विभिन्न जरूरी विषय जिनकी जरूरत सबसे ज्यादा है। उनमें स्किल बेहतर करने के लिए हर वर्ष आठ से दस शार्ट टर्म कोर्स संचालित किए जाते हैं। इस समय देश में परिवहन को लेकर कई काम हो रहे हैं।